महत्वपूर्ण एवं खास

जिले में 12.7 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज

रायगढ़। चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 16 जून तक 12.7 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 10.8 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 1.5 मिली मीटर, पुसौर में 1.8, खरसिया में 59.2, सारंगढ़ में 3.3, बरमकेला में 6.4, घरघोड़ा में 5.3, तमनार में 40.9, लैलूंगा में 2.6, धरमजयगढ़ में 11.2 एवं छाल तहसील में 7.5 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

सहायक परियोजना अधिकारी की भर्ती प्रक्रिया निरस्त

रायगढ़। मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत रायगढ़ से प्राप्त जानकारी के अनुसार सहायक परियोजना अधिकारी एक पद संविदा नियुक्ति किया जाना था। गत दिवस आयोजित चयन समिति की बैठक में लिए गए निर्णय अनुसार सहायक परियोजना अधिकारी की भर्ती प्रक्रिया को निरस्त किया गया है। जिसे कार्यालय जिला पंचायत रायगढ़ के सूचना पटल एवं जिले के वेबसाईट www.raigarh.gov.in में अवलोकन कर सकते है।

प्री.बीएबीएड/प्री.बीएससी बीएड एवं प्री.बीएससी नर्सिंग की प्रवेश परीक्षा 19 जून को

रायगढ़। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा 19 जून 2022 को प्री.बी.ए.बी.एड./प्री.बी.एस.सी.बी.एड. एवं प्री.बी.एस.सी.नर्सिंग की प्रवेश परीक्षा दो पालियों में आयोजित होगी। जिसमे प्रथम पाली में प्री.बी.ए.बी.एड./ प्री.बी.एस.सी.बी.एड.परीक्षा पूर्वान्ह 10 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक एवं द्वितीय पाली में प्री.बी.एस.सी.नर्सिंग की प्रवेश परीक्षा दोपहर 2 बजे से शाम 4.15 बजे तक आयोजित की जाएगी। कलेक्टर भीम सिंह ने परीक्षा के सफल संचालन हेतु अपर कलेक्टर आर.ए.कुरूवंशी को नोडल अधिकारी तथा प्रधान पाठक रामकुमार चौहान को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

ग्राम चितवाही एवं कोलम के निजी भूमि अधिग्रहण की कार्यवाही 24 जून को एसडीएम घरघोड़ा के समक्ष कर सकते है दावा-आपत्ति

रायगढ़। खरसिया से धरमजयगढ़, घरघोड़ा से डोंगा महुआ (स्पर लाइन)0-28 कि.मी. (पूरक-IV)प्रकरण अनुविभाग घरघोड़ा ग्राम चितवाही एवं कोलम निजी भूमि अधिग्रहण की कार्यवाही भारतीय रेल अधिनियम 1989 (संशोधित)के अनुसार की जा रही है। इस संदर्भ में जो कृषक दावा-आपत्ति प्रस्तुत करना चाहते है तो अपनी आपत्ति न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व घरघोड़ा में एसडीएम घरघोड़ा को 24 जून 2022 पूर्वान्ह 11 बजे स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि या अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है।

महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ.किरणमयी नायक आज करेंगी जिले से प्राप्त प्रकरणों की सुनवाई

रायगढ़। छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ.श्रीमती किरणमयी नायक 17 जून 2022 को पूर्वान्ह 9 बजे विश्राम गृह में जनप्रतिनिधियों एवं आमजनों से मुलाकात करेगी। तत्पश्चात पूर्वान्ह में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष रायगढ़ में जिले से प्राप्त प्रकरणों की सुनवाई करेंगी। डॉ.नायक शाम 5 बजे विश्राम गृह से जिला-जशपुर के लिए प्रस्थान करेंगी।

कुपोषण की दर न्यूनतम रखने करनी होगी नियमित मॉनिटरिंग -कलेक्टर

❑ कलेक्टर भीम सिंह ने ली महिला बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक

रायगढ़। कलेक्टर भीम सिंह ने सृजन सभाकक्ष में महिला बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक ली। जिसमें उन्होंने विभाग द्वारा सुपोषण अभियान के साथ ही अन्य विभागीय योजनाओं के मासिक प्रगति की समीक्षा की।

कलेक्टर सिंह ने कहा कि बच्चों में कुपोषण मुक्ति जीवन शैली से जुड़ी समस्या है। जिसके निदान के लिए पोषण आहार के साथ-साथ जीवन शैली में अहम बदलाव जरूरी है। ऐसे में कुपोषण की दर को न्यूनतम रखने के लिए नियमित मॉनिटरिंग किया जाना भी अत्यंत आवश्यक है, ताकि कुपोषण से मुक्त हुआ बच्चा एक स्वस्थ जीवन बिताये। इसके साथ ही गर्भवती व एनिमिक महिलाओं की भी खास देखरेख की जानी है। उन्होंने कहा कि बच्चों में कुपोषण को दूर व गर्भवती माताओं व एनिमिक महिलाओं के सेहत के लिए जिला प्रशासन द्वारा डीएमएफ से लगभग 10 करोड़ रुपये की राशि खर्च की जा रही है। हितग्राहियों को इन प्रयासों का अधिकतम लाभ मिले यही हमारी कोशिश होनी चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि कुपोषण मुक्ति के लिए जिले के सभी सेक्टरों में अच्छा काम हुआ है। घरघोड़ा तथा बरमकेला सेक्टर को अपने परिणाम बेहतर करने की जरूरत है। उन्होंने इन सेक्टर के सीडीपीओ व सुपरवाईजर को विशेष रूप से सुपोषण अभियान में कार्य करने के निर्देश दिए। इसके लिए जो बच्चे कुपोषित है, उनके घर-घर जाए उनके पालकों से मिलकर उनकी काउंसिलिंग करें एवं बच्चों के उचित खानपान के लिए निर्देशित करें। ताकि बच्चों के सेहत में तेजी से ग्रोथ हो सके।

इस दौरान कलेक्टर सिंह ने आंगनबाडिय़ों के संचालन पर भी चर्चा की। उन्होंने सभी रिकार्ड अपडेटेड रखने के निर्देश दिए। आंगनबाडिय़ों में रेडी टू ईट का भण्डारण व्यवस्थित तरीके से करने के लिए कहा। साथ ही सब्जियों तथा अण्डों की सप्लाई के लिए गौठानों से लिंकेज भी पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों को गैस कनेक्शन दिए जायेंगे। जिससे पोषण आहार तैयार करने में समस्या न हो। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि जिन आंगनबाड़ी केन्द्रों में रनिंग वाटर सप्लाई का कार्य अपूर्ण है उसे भी जल्द पूर्ण कर लिया जाएगा। इस दौरान कलेक्टर सिंह ने सुपोषण अभियान के लिए किए गए कार्यों की सेक्टरवार समीक्षा की। उन्होंने कम प्रगति वाले 10 आंगनबाडिय़ों के सुपरवाईजर से कारणों की जानकारी ली। इन आंगनबाड़ी केन्द्रों में पिछले माह के मुकाबले कुपोषण दर में कमी नहीं दिखी है वहां की विस्तृत जांच कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश कलेक्टर सिंह ने विभागीय अधिकारियों को दिए।

इस दौरान महिला बाल विकास अधिकारी टी.के.जाटवर, समस्त सीडीपीओ, सेक्टर सुपरवाईजर, कार्यकर्ता सहित विभाग के अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

एनआरसी में सभी बेड भरे हो- कलेक्टर सिंह ने सेक्टरवार मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान के तहत कुपोषित बच्चों एवं शिशुवती, एनीमिक किशोरी एवं महिलाओं की जानकारी ली। जिस पर विभागीय अधिकारी ने बताया कि नियमित गरम भोजन एवं रेडी टू ईट से प्रदाय किया जा रहा है। इस दौरान उन्होंने एनआरसी की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी एनआरसी में उपलब्ध सभी बेड में बच्चों की भर्ती होनी चाहिए, अन्यथा सुपरवाइजर पर कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर सिह ने पूरक पोषक आहार के रख रखाव, रेडी टू ईट, सुपोषण अभियान का लाभ, रजिस्टर, साफ सफाई जैसे कार्यो के निरीक्षण करने के निर्देश दिए।

हिमोग्लोबिन जांच के लिए लगायें स्वास्थ्य शिविर- कलेक्टर सिंह ने कहा कि गर्भवती माताओं की हिमोग्लोबिन की जांच की जाए। इसके लिए उन्होंने गांवों में विशेष शिविर लगाने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग को दिए। उन्होंने कहा कि जिन गर्भवती माताओं का हिमोग्लोबिन 9 ग्राम से कम हो उनका विशेष ध्यान रखने की आवश्यकता है। उनकी सेहत के देखभाल के साथ उन्हें पूरक एवं पौष्टिक आहार नियमित रूप से उपलब्ध कराना है। जिससे नवजात शिशुओं को कुपोषित होने से बचाया जा सके। उन्होंने गर्भवती माताओं को आंगनबाड़ी में गरम भोजन प्रदान करने के निर्देश दिए।

बाल संदर्भ शिविर के लिए स्वास्थ्य विभाग उपलब्ध करवायेगा दवाईयां- कलेक्टर भीम सिंह के निर्देश पर जिले में बाल संदर्भ शिविर लगाकर बच्चों के नियमित रूप से जांच की जा रही है। जिसके आधार पर बच्चों की जरूरत के हिसाब से दवायें व प्रोटीन कैल्शियम की खुराक भी दी जाती है। कलेक्टर सिंह ने गत माह लगे बाल संदर्भ शिविर के बारे में चर्चा करते हुए कहा कि शिविर में उपचार के लिए लाने वाले बच्चों के लिए आवश्यक सभी दवाईयों का इंतजाम करने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग को दिए।

अज्ञात व्यक्ति से मोबाइल पर 1000 बोरी सीमेंट का सौदा कर खरसिया निवासी हुआ ठगी का शिकार

❑ आरोपी ने स्वयं को कंपनी का सेल्स मैनेजर बताकर अपने खाते में जमा कराया 2.95 लाख रुपए

रायगढ़। दिनांक 16.06.2022 को थाना खरसिया में कमल प्रसाद डडसेना (उम्र 52 वर्ष) निवासी बोतल्दा रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 10.06.2022 को सीमेंट के संबंध में अल्ट्राटेक कंपनी के टोल फ्री कस्टमर केयर में कॉल किया पर इसके कॉल को कोई रिसीव नहीं किया। थोड़ी देर बाद इसके मोबाइल पर एक अज्ञात व्यक्ति कॉल कर अपना नाम सौरभ त्रिपाठी, सेल्स मैनेजर अल्ट्राटेक कंपनी का बताया और कमल डडसेना से सीमेंट की आवश्यकता ई-मेल के जरिये भेजने बोला जिसके बताये अनुसार कमल डडसेना 1000 बोरी सीमेंट का आवश्यकता बताकर ई-मेल किया। उसे रिप्लाई में सौरभ त्रिपाठी 02 इनवाईस बिल भेजा और मोबाइल पर बातकर SBI सेन्ट्रल मुम्बई का अकाउण्ट नम्बर और दूसरा केनरा बैंक शाखा सेन्ट्रल मुम्बई का अकाउण्ट नम्बर भेजकर रूपये ट्रांसफर करने बोला। तब उस खाते में कमल डडसेना 1000 बोरी सीमेंट का रकम 2,95,000 रूपये अपने साथी के अकाउंट से भेजा। सौरभ त्रिपाठी एक दिन बाद सीमेंट घर पहुंच जायेगा बोला पर सीमेंट नहीं पहुंचा। कमल डडसेना सौरभ त्रिपाठी को फोन और व्हाटसअप किया पर कोई जवाब नहीं आया तक उसे फ्राड होने का आभास हुआ। कमल डडसेना के आवेदन पर थाना खरसिया में मोबाइल नम्बर 0628988XXXX के धारक सौरभ त्रिपाठी पर धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

13.30 लाख रुपए का गबन करने वाला ग्रामीण बैंक का फरार कैशियर गिरफ्तार

❑ बैंक प्रबंधक ने दर्ज कराया गबन का रिपोर्ट

रायगढ़। एसपी अभिषेकमीणा के दिशा निर्देशन पर फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए चलाये जा रहे अभियान में सिलसिलेवार आरोपियों की गिरफ्तारी की जा रही है। इसी क्रम में आज दिनांक 15.06.2022 को लैलूंगा पुलिस द्वारा धोखाधड़ी के फरार आरोपी नेमिश उर्फ गुड्डू दीवान पिता एस.एस. दीवान उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम बगुडेगा थाना लैलूंगा को बगुडेगा से गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है। आरोपी ग्रामीण बैंक राजपुर में कैशियर का कार्य करता था जिसके विरूद्ध शाखा प्रबंधक द्वारा अक्टूबर 2020 को थाना लैलूंगा में शाखा के ग्राहकों के खातों में कूट रचित आहरण पर्ची के माध्यम से कुल 13.30 लाख रूपये आहरण कर गबन का रिपोर्ट दर्ज कराया गया था। अपराध दर्ज के बाद से आरोपी फरार हो गया था जिसके पतासाजी, गिरफ्तारी के लिये लगाये गये मुखबिर द्वारा दिनांक 15.06.2022 को गांव में देखे जाने की सूचना पर थाना प्रभारी लैलूंगा निरीक्षक नारायण सिंह मरकाम हमराह उप निरीक्षक बी.एस. पैकरा, प्रधान आरक्षक सुमेश गोस्वामी आरक्षक इलियास एवं नेहरू लकडा के साथ ग्राम बगुडेगा जाकर दबिश देकर आरोपी गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

आरोपी द्वारा गबन को लेकर ग्रामीण बैंक राजपुर के शाखा प्रबंधक विष्णु प्रसाद अग्रवाल दिनांक 28.10.2020 को आवेदन देकर थाना लैलूंगा में रिपोर्ट दर्ज कराया कि शाखा में नेमिश उर्फ गुड्डू दीवान सहायक (कैशियर) के पद पर दिनांक 19/08/2014 से 06/01/2020 तक पदस्थ था जो अपने पद का दुरूपयोग करते हुए शाखा के ग्राहकों के खातों में कूट रचित आहरण पर्ची के माध्यम से आहरण कर राशि गबन किया गया है। प्रबंधक के अनुसार नेमिश उर्फ गुड्डू दीवान द्वारा वर्ष 2017 में 05 व्यक्तियों के खाता से 80,000 रूपये, 2018 में 17 व्यक्तियों से 3,60,000 रूपये, 2019 में 42 व्यक्तियों से 8,78,000 रूपये एवं 2020 में 01 व्यक्ति से 12,000 रूपये जुमला 13,30,000 रूपये का फर्जी हस्ताक्षर कर आहरण कर गबन किया गया है। आवेदन पर धारा 420, 467, 468, 471 IPC के तहत अपराध कायम कर कार्रवाई किया गया है।

निराश्रृत वृद्ध के निधन की खबर पाकर अंतिम संस्कार के लिए आगे आए खरसिया चौकी प्रभारी

❑ खरसिया के गणमान्य नागरिकों के साथ मिलकर कराया वृद्ध का अंतिम संस्कार

❑ परिजनों से दूर होटल, ढाबा में काम करता था वृद्ध, लंबे समय से था बीमार

रायगढ़। चौकी प्रभारी खरसिया उप निरीक्षक नंद किशोर गौतम द्वारा सिविल अस्पताल में फौत हुये निराश्रित वृद्ध के स्थानीय लोगों के साथ मिलकर अंतिम संस्कार कर मानवता की मिसाल पेश किया गया है। 80 वर्षीय राकेश त्रिवेदी जिला मुंगेली निवासी का रहने वाला था, जो करीब 55 सालों से अपने परिवार से दूर रायगढ़ जिले में होटल, ढाबो में काम कर गुजर बसर कर रहा था, लॉक डाउन के समय होटल, ढाबा बंद होने के कारण उसके सामने भूखों मरने की स्थिति थी। ऊपर से उसकी दोनों आंखों में मोतियाबिंद होने से उसे दिखना बंद हो गया था। वृद्ध लाचार होकर रेलवे स्टेशन भूपदेवपुर के प्लेटफार्म को अपना अस्थाई निवास बनाकर रह रहा था जिसकी जानकारी तत्कालीन थाना प्रभारी भूपदेवपुर निरीक्षक उत्तम साहू को मिलने पर रायगढ स्थित सिद्धेश्वर नेत्रालय में उसके आंखों का मोतियाबिंद का ऑपरेशन कराये थे, भूपदेवपुर आसपास गुजर बसर करने वाला राकेश त्रिवेदी कुछ दिनों से बिमार होकर सिविल हास्पिटल खरसिया में ईलाज करा रहा था जिसके आज निधन की सूचना चौकी प्रभारी खरसिया नंद किशोर गौतम को मिली। मृतक की परिस्थितियों से वाकिफ चौकी प्रभारी वृद्ध के अंतिम संस्कार के लिए आगे आये जिनके साथ सिविल हास्पिटल प्रभारी डाक्टर डी.पी. पटेल, लेखु सोनी अधिवक्ता (सीए), बब्लू सारथी , लोचन महन्त कुमार, चौकी खरसिया के आरक्षक सोहन यादव, साबिल चन्द्रा, तथा मीडिया साथी अजय गब्बर, मुकेश लहरे, लक्ष्मी नारायण पटेल, गोपाल कृष्ण नायक "देहाती" इस पुण्य कार्य में पूरी सहभागिता निभाकर वृद्ध का मौहापाली मुक्ति धाम में हिन्दु रीति-रिवाज से अंतिम संस्कार कराया गया है।

पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित

रायगढ़। जिले में संचालित समस्त शासकीय/अशासकीय महाविद्यालय, विश्वविद्यालय, इंजीनियरिंग कालेज, मेडिकल कालेज, नर्सिंग कालेज, पालीटेक्निक एवं आईटीआई आदि के प्राचार्य/संस्था प्रमुख, छात्रवृत्ति प्रभारी एवं उनमें अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों जो विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता रखते है, उन्हें शिक्षा सत्र 2022-23 हेतु ऑनलाईन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति कक्षा 12 वीं से उच्चतर के पंजीयन/आवेदन, स्वीकृति एवं वितरण की कार्यवाही वेबसाइट पर ऑनलाइन की जा रही है।

वर्ष 2022-23 से अनुसूचित जाति वर्ग के विद्यार्थियों को भारत सरकार, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा दिए गए निर्देशानुसार NSP Portal-scholarships.gov.in आवेदन किया जाना है तथा इस पोर्टल में सफल पंजीयन के पश्चात आवेदन की शेष जानकारी हेतु छत्तीसगढ़ राज्य पोर्टल http://postmatric-scholarship.cg.nic.in में आवेदन करना अनिवार्य है। उक्त दोनों पोर्टल पर आवेदन नहीं करने पर छात्रवृत्ति भुगतान नहीं होगा। छात्रवृत्ति हेतु विद्यार्थियों के नवीन एवं नवीनीकरण, पंजीयन, संस्थाओं के प्रस्ताव/स्वीकृति लॉक हेतु विभाग द्वारा तिथि निर्धारित की गई है। जिसके तहत विद्यार्थी द्वारा ऑनलाईन आवेदन (नवीन एवं नवीनीकरण) हेतु 10 जून 2022 से 15 जुलाई 2022 तक, ड्रॉफ्ट प्रपोजल लॉक करने हेतु 10 जून 2022 से 25 जुलाई 2022 तक एवं स्वीकृति आदेश करने हेतु 10 जून 2022 से 10 अगस्त 2022 तक की तिथि निर्धारित की गयी है।

निर्धारित तिथियों के पश्चात शिक्षा सत्र 2022-23 की पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु ऑफलाईन अथवा ऑनलाईन किसी भी प्रकार के आवेदन स्वीकृत नहीं किये जायेंगे एवं ड्राफ्ट प्रपोजल एवं स्वीकृति लॉक करने का अवसर भी प्रदान नहीं किया जाएगा। उक्त तिथि तक कार्यवाही पूर्ण नहीं करने पर यदि संबंधित संस्थाओं के विद्यार्थी छात्रवृत्ति से वंचित रह जाते है, तो इसके लिए संस्था प्रमुख स्वत: जिम्मेदार होंगे।

इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कार्यालय, रायगढ़ में कार्यालयीन दिवस एवं समय पर संपर्क कर सकते है।

रायगढ़ जिले में हुआ शाला प्रवेशोत्सव-2022 का वृहद शुभारंभ : मुख्यमंत्री ने दी बधाई एवं शुभकामनाएं

❑ स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार से ओव्हर ऑल 8 व सब-केटेगरी में 30 विद्यालय हुए सम्मानित

❑ इसी सत्र से रायगढ़ जिले के 701 चयनित स्कूलों में खुलेंगे बालवाड़ी

रायगढ़। शाला प्रवेशोत्सव-यानि उत्सव नौनिहालों के प्रवेश का। जिला प्रशासन व स्कूल शिक्षा विभाग रायगढ़ के तत्वाधान में नौनिहालों के शाला प्रवेश के दिवस को उत्सव के रूप में मनाने व बच्चों के प्रवेश को यादगार बनाने हेतु जिले के शासकीय नटवर स्कूल प्रांगण में जिला स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव-2022 का वृहद आयोजन के साथ शुभारंभ किया गया। इस वर्ष का शाला प्रवेशोत्सव 16 जून से 15 जुलाई तक आयोजित किया जाएगा। प्रवेशोत्सव का वर्चुअल शुभारंभ मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने निवास कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम से किया। इस अवसर पर वहां स्कूली शिक्षा मंत्री डॉ.प्रेमसाय सिंह टेकाम, उच्च शिक्षामंत्री उमेश पटेल, गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ.शिवकुमार डहरिया भी उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज शुरू हुए नए शिक्षा सत्र और शाला प्रवेश उत्सव के पावन अवसर पर वर्चुअल जुड़ते हुए सभी को गाढ़ा-गाढ़ा बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने आशा व्यक्त की है कि सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं नए शिक्षा सत्र के शुभारंभ शाला प्रवेशोत्सव को सार्थक बनाते हुए नई ऊर्जा और नए संकल्प के साथ शिक्षा दान के कार्य में पूरे समर्पण के साथ जुड़ जाएंगे और सभी मिलकर शिक्षित छत्तीसगढ़ बनाने में भूमिका निभाएंगे। मुख्यमंत्री ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि कोरोना संक्रमण और लॉकडाउन के कारण विगत 2 वर्षों से नियमित शाला गतिविधियां प्रभावित हुई हैं लेकिन हमने यह सुनिश्चित किया है कि किसी भी स्थिति में बच्चों के पढऩे और बढऩे में कोई बाधा ना आए और उनका साल खराब ना जाए।

शिक्षा मंत्री ने नए शिक्षा सत्र और प्रवेश उत्सव की सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए अपने संदेश में कहा कि शिक्षकों जनप्रतिनिधियों सभी से अपेक्षा है कि कोई भी बच्चा शाला त्यागी और अप्रवेशी ना रहे। शाला में नियमित उपस्थिति हेतु विशेष प्रोत्साहन एवं मार्गदर्शन प्रदान करें। आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि हम सब मिलकर इस सत्र से स्कूली शिक्षा में अपेक्षा अनुरूप परिवर्तन लाने में सफल होंगे। उन्होंने कहा कि विगत वर्षों में कोरोना काल मे पढ़ाई बहुत प्रभावित हुई है। इस वर्ष हम समय पर स्कूल खोल पा रहे हैं और आशा करते हैं कि पूर्व की भांति पूरे जोर-शोर से स्कूल का संचालन होगा और बच्चे पढऩे लिखने की दक्षता प्राप्त कर सकेंगे। इस वर्ष अधिक से अधिक पालक अपने बच्चों को सरकारी स्कूल में भेजें और प्रवेश दिलवाएं। इसके लिए सबको अपने-अपने क्षेत्रों में संचालित शालाओं पर लगातार नजर रखते हुए उसने पढ़ाई की गुणवत्ता में सुधार हेतु आवश्यक प्रयास करना है।

शाला स्वच्छता पुरस्कार से कई विद्यालय हुए सम्मानित- जिले में ओव्हर आल 08 और सब केटेगरी में 30 विद्यालयों को शाला स्वच्छता पुरस्कार से सम्मानित किया गया जिनमें शासकीय प्रा.शा.विजयपुर, मोना मॉडर्न इंग्लिश मीडियम हा.सेकेंडरी स्कूल सारंगढ़, शा.प्रा.शाला लाम्हीखार, शा.प्राथ.शाला रामखोन्द्रा, शा.प्रा.शाला कछार, शा.हा.से.स्कूल रायकेरा, शा.हा.से.ओपी जिंदल स्कूल पतरापाली, शा.हा.से.कोतरा व सब केटेगरी में शास.प्रा.शाला हरदी झरिया रायगढ़ सहित कुल 38 विद्यालयों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

जिले में 701 बालवाड़ी का हुआ शुभारंभ- पूरे प्रदेश में 6563 व रायगढ़ जिले में इसी सत्र से 701 चयनित स्कूलों में बालवाड़ी का शुभारंभ किया गया। वर्चुअल जुड़ते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बालवाड़ी के शुभारंभ पर कहा कि कक्षा पहली में प्रवेश के पूर्व ही बालवाड़ी में खेल-खेल में शिक्षा के जरिए प्रतिदिन 2 घंटे की पढ़ाई व खेलकूद के साथ नौनिहालों में शिक्षा के प्रति रुचि जागृत करने, कक्षा के वातावरण के साथ अनुकूलित होने व कक्षा में अध्यापन हेतु अभ्यस्त हो सके इस उद्देश्य से बालवाड़ी का प्रारंभ किया जा रहा है। यदि हमारे शिक्षक शिक्षिका गण इस आयु वर्ग के बच्चों पर समुचित ध्यान देंगे तो वह बहुत जल्दी ही विषय को आत्मसात कर सकेंगे।

कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति- जिला स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव- 2022 कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी आर.पी.आदित्य, जिला मिशन समग्र शिक्षा रायगढ़ रमेश देवांगन, सहायक संचालक शिक्षा रायगढ़ कमल किशोर स्वर्णकार, दीप्ति अग्रवाल, सहायक समन्वयक समग्र शिक्षा रायगढ़ भुवनेश्वर पटेल, भूपेंद्र पटेल, आलोक स्वर्णकार, बीईओ रायगढ़ सी.के.धृतलहरे, बीआरसी रायगढ़ मनोज अग्रवाल, एबीओ रायगढ़ अनिल साहू, डी.पी.पटेल आदि की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का प्रभावी संचालन प्राचार्य राजेश डेनियल ने किया।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२२१३५९ पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480